# <u>संदेश</u>

दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर, मैं देश और विदेश में रह रहे सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

दुर्गा पूजा का पावन पर्व हमारी संस्कृति, आस्था और आध्यात्मिक गौरव का प्रतीक है। माँ दुर्गा का नौ रूपों में पूजन न केवल आध्यात्मिक शुद्धि का मार्ग है, बल्कि यह हमें सत्य, न्याय और करुणा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। यह पर्व समानता, सहिष्णुता और प्रेम की भावना को बढ़ावा देता है।

आइए, इस शुभ अवसर पर हम संकल्प लें कि महिलाओं के सम्मान और समाज में उनके उचित स्थान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

मेरी कामना है कि माँ दुर्गा सभी को सद्बुद्धि और साहस प्रदान करें तथा सब के जीवन में खुशहाली और समृधि का संचार हो।

***********